राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 20 02 2019 को पोसोको केंद्रीय कार्यालय में श्री के वी एस बाबा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई जिसमें पोसोको केंद्रीय कार्यालय व राष्ट्रीय भार प्रेषण केंद्र के निम्नलिखित अधिकारियों ने भाग लिया |

1. **श्री के वी एस बाबा, अध्यक्ष**
2. **श्रीमति मीनाक्षी डावर, सदस्य**
3. **श्री पी के अग्रवाल, सदस्य**
4. **श्री एस आर नरसिम्हन, सदस्य**
5. **श्री देवाशीश डे, सदस्य**
6. **श्रीमति मीनाक्षी गर्ग, सदस्य**
7. **श्री निशदीप सिंह, सदस्य**
8. **श्री एन नल्लारसन, सदस्य**
9. **श्री समीर सक्सेना, सदस्य**
10. **श्री हरीश राठौर, सदस्य**
11. **श्री अनिल मेहता, नोडल अधिकारी, राजभाषा**

1. सर्वप्रथम नोडल अधिकारी (राजभाषा) ने अध्यक्ष महोदय व अन्य सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया |
2. अध्यक्ष महोदय ने पत्राचार की समीक्षा करते हुए निदेशक मण्डल के सदस्यों को भी अपने अधीनस्थ विभागाध्यक्षों को राजभाषा हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आग्रह किया |
3. अध्यक्ष महोदय ने गत तिमाही की समीक्षा की और राजभाषा हिन्दी में पत्राचार बढ़ाने हेतु आग्रह किया |
4. अध्यक्ष महोदय ने कहा कि सभी कार्मिक पोसोको मेल से राजभाषा हिन्दी में ही मेल भेजें |
5. निदेशक(मानव संसाधन) ने नराकास की 25 फरवरी 2019 को होने वाली बैठक के बारे में उल्लेख किया कि पोसोको को संसदीय समिति की प्रशनावली कैसे भरें विषय पर आयोजित कार्यशाला और क्विज प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु नराकास द्वारा पुरस्कृत किया जा रहा है | इस के अतिरिक्त पोसोको द्वारा नराकास के प्रांगण में आयोजित राजभाषा प्रदर्शनी हेतु प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने का उल्लेख किया |
6. अंत में वरिष्ठ महाप्रबंधक(मानव संसाधन) ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए अध्यक्ष महोदय, सभी सदस्यों का बैठक में पधारने पर हार्दिक धन्यवाद दिया।

अवलोकानार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)
वरिष्ठ कार्यपालक सचिव(मा.सं)
20 02 2019

वरिष्ठ महाप्रबंधक(मानव संसाधन)

20/02/19